सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report


सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 224 | इंदौर, शुक्रवार 27 फरवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# अमोनिया गैस ने मचाई थी इंदौर की रावजी बाजार बस्ती में अफरा-तफरी

## पांच लोगों को किया भर्ती



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। रावजी बाजार क्षेत्र में गुरुवार रात अमोनिया गैस के रिसाव ने लोगों को असहज स्थिति में ला दिया। किसी की आंखों में आंसू निकले तो किसी को सांस लेने में तकलीफ हुई। जो लोग कबाड़ी की दुकान के आसपास रहते थे, वे ज्यादा परेशान हुए और पांच लोगों की तबीयत ज्यादा बिगड़ी। मौके पर फायर ब्रिगेड ने सिलेंडर से गैस का रिसाव रोका। इसके बाद स्थिति सामान्य हो पाई।

सिलेंडर को पानी से भरी कोठी में डाला दुकान से सिलेंडर को निकालकर फायर ब्रिगेडकर्मियों ने पानी की कोठी में डाला, ताकि वह वातावरण में न फैले। पुलिस ने इस मामले में दुकानदार शहजाद को गिरफ्तार किया है। वह ही गैस कटर से सिलेंडर काट रहा था और गैस फैलने पर दुकान से भाग गया। उसे राज चोपड़ा नामक व्यक्ति ने पीले रंग का सिलेंडर बेचा था। पुलिस ने उसे भी हिरासत में ले लिया है। इस सिलेंडर का उपयोग एक कारखाने में होता है और वहां से युवक सिलेंडर को बेचने के लिए लाया था।

ऑक्सीजन लगाकर बचाई महिला की जान इस घटना में सबसे ज्यादा परेशानी 50 वर्षीय परवीन नामक महिला को हुई। उन्हें सांस लेने में परेशानी आ रही थी। उन्हें ऑक्सीजन लगाई गई। इसके अलावा फलक और फरीदा नामक महिला सहित पांच लोगों को अस्पताल में भर्ती किया गया।

### क्या होता है अमोनिया गैस के रिसाव से

अमोनिया एक तीखी गंध वाली गैस है, जो हवा से हल्की होती है। इसका उपयोग उद्योगों में किया जाता है, लेकिन इसका रिसाव मानव स्वास्थ्य के लिए खतरनाक माना जाता है। इसके संपर्क में आने पर आंखों में जलन, सांस लेने में तकलीफ, जी मचलना, उल्टी आने जैसे लक्षण सामने आते हैं। गीली त्वचा के संपर्क में आने पर यह तेज जलन और केमिकल बर्न का काम करती है। ज्यादा मात्रा में इसके सेवन पर यह जानलेवा भी साबित हो सकती है।

### रिसाव होने पर किस तरह बचें

अमोनिया गैस पानी में घुल जाती है। इस कारण गैस के रिसाव होने पर गीला कपड़ा मुंह पर रखें। रिसाव होने पर हवा से विपरीत दिशा में जाना सबसे सुरक्षित है, ऊंचाई पर जाने से भी इसका प्रभाव कम हो जाता है। बंद कमरे से बाहर निकलकर खुले स्थान पर जाएं।

# भारत के दिल से जुड़िए, मध्य प्रदेश के साथ आगे बढ़िए

## भीलवाड़ा में बोले सीएम डॉ. मोहन यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। राजस्थान की वस्त्र नगरी भीलवाड़ा में आयोजित 'इंटरैक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपॉर्चुनिटीज इन एमपी' में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निवेशकों को प्रदेश में उद्योग स्थापित करने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि भारत के दिल से जुड़िए, मध्यप्रदेश के साथ आगे बढ़िए, क्योंकि राज्य आज देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों में शामिल है और निवेश के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करता है।मुख्यमंत्री ने कहा कि भौगोलिक दृष्टि से देश के मध्य में स्थित होने के कारण मध्य प्रदेश व्यापार, उद्योग और निर्यात के लिए रणनीतिक केंद्र बनता जा रहा है। प्राकृतिक संसाधन, उद्योग-अनुकूल नीतियां, सशक्त बुनियादी ढांचा और पारदर्शी प्रशासन निवेशकों को भरोसेमंद माहौल देते हैं। उन्होंने राजस्थान और मध्य प्रदेश के ऐतिहासिक व्यापारिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि दोनों राज्यों की साझेदारी निवेश, नवाचार और विकास के नए आयाम स्थापित करेगी।**

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि प्रदेश में 18 नई उद्योग-अनुकूल नीतियां लागू की गई हैं। विस्तृत लैंड बैंक, पर्याप्त जल उपलब्धता, कुशल मानव संसाधन और मजबूत लॉजिस्टिक्स नेटवर्क निवेशकों के लिए मजबूत आधार तैयार करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन




चुका है और ग्रीन एनर्जी उत्पादन में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। बड़े निवेश प्रस्तावों पर विशेष रियायतें देने की नीति के तहत सरकार उद्योगों को प्रोत्साहित कर रही है।

मुख्यमंत्री ने टेक्सटाइल सेक्टर को विशेष संभावनाओं वाला क्षेत्र बताते हुए कहा कि प्रदेश में देश का पहला और सबसे बड़ा पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क विकसित किया जा रहा है। उन्होंने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ औद्योगिक सहयोग को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई। साथ ही पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) परियोजना पर दोनों राज्यों के बीच हुए समझौते का उल्लेख करते हुए इसे क्षेत्रीय विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में उद्योग संगठनों और निवेशकों ने मध्य प्रदेश की औद्योगिक नीतियों की सराहना की तथा सीमावर्ती जिलों में टेक्सटाइल और तकनीकी उद्योगों के विस्तार पर जोर दिया। सेशन में विभिन्न औद्योगिक समूहों, चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि मध्यप्रदेश और राजस्थान की साझेदारी से औद्योगिक विकास का नया अध्याय लिखा जाएगा।

# होली-रंगपंचमी के पहले जर्जर मकानों का चिन्हांकन और बिजली के तारों को व्यवस्थित करने के निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। होली और रंगपंचमी के त्योहार को देखते हुए जर्जर मकानों का चिन्हांकन और बिजली के तारों को व्यवस्थित किया जाएगा। इसे लेकर नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने संबंधित विभागों को निर्देश जारी किए हैं। ऐसा रंगपंचमी पर निकलने वाली गेर को लेकर किया जा रहा है। प्रशासन का प्रयास है कि गेर देखने के लिए कोई जर्जर मकान में न जाए। इसलिए उसे पहले से चिन्हित कर बोर्ड लगा दिया जाए।**

निगमायुक्त ने निर्देशित किया है कि सभी जोन के बिल्डिंग अधिकारी, जोनल अधिकारी और भवन निरीक्षक अपने-अपने इलाकों में सर्वे कर यह सुनिश्चित करें कि कहीं कोई जर्जर बिल्डिंग तो नहीं है, यदि ऐसी बिल्डिंग चिन्हित होती है तो उनकी लिस्ट तैयार करें, बिल्डिंगों का स्पष्ट रूप से चिन्हांकन करें, संबंधित स्थानों पर चेतावनी स्वरूप फ्लेक्स लगाए जाएं। साथ ही आवश्यकता अनुसार बैरिकेडिंग कर लोगों की सुरक्षा का ध्यान रखा जाए। त्योहारों के दौरान विशेष रूप से उन रास्तों पर ध्यान देने के लिए कहा है जहां होली व रंगपंचमी के अवसर पर जुलूस, गेर और अन्य पारंपरिक आयोजन होते हैं। निगमायुक्त ने विद्युत विभाग से



कहा कि वे अपने-अपने जोन इलाकों में मध्यप्रदेश विद्युत मंडल के साथ समन्वय बनाकर अव्यवस्थित केबल वायर, तारों के गुच्छे या नीचे लटके बिजली के तारों का चिन्हांकन करें। ऐसी जगह जहां तारों के कारण मार्ग में बाधा उत्पन्न हो रही है या एक्सीडेंट की आशंका हो, वहां तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई करते हुए तारों को व्यवस्थित किया जाए। आवश्यकतानुसार ऊंचाई और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए।

आम जनता के आवागमन में किसी प्रकार का व्यवधान न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। इसी क्रम में जनकार्य (वर्कशॉप), जल प्रदाय, रिमूवल शाखा सहित नगर निगम के सभी जोन को अपने-अपने इलाकों से संबंधित व्यवस्थाएं बेहतर करने के निर्देश दिए हैं। सड़कों की मरम्मत, गड्ढों का समतलीकरण, जल आपूर्ति व्यवस्था की सुचारुता, कचरा कलेक्शन और तुरंत निराकरण, आवश्यक मशीनरी और संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है। संबंधित अधिकारियों को सक्रिय रूप से कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए हैं। इधर, निगमायुक्त के निर्देश पर जर्जर और खतरनाक बिल्डिंगों पर रिमूवल की कार्रवाई भी की जा रही है। इसी कड़ी में जोन क्रमांक 2 के वार्ड 69 में एक जर्जर मकान के रिमूवल की कार्रवाई की गई। यहां पर ओल्ड राजमोहल्ला में 800 स्क्वेयर फीट के गोपाल मिश्रा के जर्जर मकान पर नगर निगम ने रिमूवल की कार्रवाई की। इस दौरान निगम के अधिकारी व अमला मौजूद रहा।

# इंदौर–उज्जैन ग्रीन फील्ड 4 लेन सड़क का निर्माण शीघ्र होगा प्रारंभ

## उचित मुआवजा मिलने तथा सड़क निर्माण संबंधी समस्याएं निराकृत होने पर किसानों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति जताया आभार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर–उज्जैन ग्रीन फील्ड 4 लेन सड़क परियोजना का कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा। यह सड़क सिंहस्थ को देखते हुए अत्यन्त महत्वपूर्ण साबित होगी। इस परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण के बदले उचित मुआवजा मिलने और सड़क निर्माण संबंधी समस्याएं निराकृत होने पर संबंधित क्षेत्र के किसानों एवं भू-स्वामियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त किया है। किसानों ने रेसिडेंसी कोठी पहुंचकर कलेक्टर श्री शिवम वर्मा को साफा पहनाया तथा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। किसानों ने कहा कि पारदर्शी प्रक्रिया के तहत मिला मुआवजा उनके लिए आर्थिक रूप से सहायक साबित होगा और क्षेत्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। साथ ही हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्णय लिया है कि इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड फोर लेन रोड अब एलिवेटेड नहीं जमीनी स्तर पर बनेगा। कल संबंधित क्षेत्र के किसानों ने भोपाल पहुँचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का स्वागत कर आभार जताया था।



इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मेट्रोपॉलिटन सिटी इंदौर-उज्जैन भविष्य की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण होगा। इस नाते इंदौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड फोर लेन प्रोजेक्ट भी किसानों के हित में उनके सुझाव के अनुरूप एलिवेटेड नहीं जमीनी स्तर पर बनाया जायेगा। जिन किसानों की भूमि प्रभावित होगी, उन्हें उचित मुआवजा देने के लिये शासन-प्रशासन प्रतिबद्ध है।

एसडीएम श्री घनश्याम धनगर ने बताया कि इंदौर–उज्जैन ग्रीन फील्ड 4 लेन सड़क परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज गति से आगे बढ़ रही है। परियोजना के अंतर्गत विभिन्न तहसीलों के कुल 20 गांवों की भूमि अधिग्रहित की जा रही है, जिसके बदले प्रभावित किसानों एवं भू-स्वामियों को नियमानुसार मुआवजा प्रदान किया जा रहा है। किसानों को उचित एवं अधिकतम मुआवजा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बिक्री छाँट प्रक्रिया अपनाई गई है, जिससे उन्हें न्यायसंगत लाभ मिल सके।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिग्रहित भूमि के बदले कुल 626 करोड़ 49 लाख 76 हजार 436 रुपये की मुआवजा राशि स्वीकृत की गई है। इस परियोजना से जुड़े 662 प्रभावित खातेदार एवं परिवारों को इसका लाभ मिलेगा। निर्धारित मुआवजा राशि का वितरण कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है। परियोजना के तहत हातोद एवं सांवेर तहसील के बुढ़ानिया, हातोद, सगवाल, कांकरिया बोडिया, जंबूड़ी सरवर, जिन्दाखेड़ा, रतनखेड़ी, बीबी खेड़ी, पिपलिया कायस्थ, हरियाखेड़ी, खतेडिया, रंगकराडिया, कछालिया, बलघारा, पोटलोद, टुमनी, मगरखेड़ी, चित्तौड़ा, बालरिया एवं रालामंडल सहित कुल 20 गांव शामिल हैं। भूमि अधिग्रहण के बदले दी जा रही मुआवजा राशि से किसानों और प्रभावित परिवारों को आर्थिक मजबूती मिलेगी। साथ ही यह सड़क परियोजना क्षेत्र में बेहतर एवं सुगम आवागमन सुनिश्चित करते हुए औद्योगिक, व्यापारिक तथा धार्मिक पर्यटन को नई गति प्रदान करेगी। सिंहस्थ जैसे बड़े धार्मिक आयोजनों के दौरान भी यह मार्ग महत्वपूर्ण साबित होगा। परियोजना में सड़क के दोनों ओर सर्विस रोड, अंडरपास एवं आवश्यक डक्ट निर्माण का प्रावधान रखा गया है, जिससे यातायात अधिक सुरक्षित और व्यवस्थित हो सकेगा। इस अवसर पर किसान सर्वश्री अंजुम पटेल, भेरू सिंह राठौड़, संदीप चौधरी, देव चंदेल, ललित शर्मा सहित अन्य किसानों ने खुशी जाहिर की और कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का निर्णय हम सब किसानों के लिए हितकारी साबित होगा। किसानों को बड़ा बहुआयामी लाभ भी मिलेगा। किसानों ने परियोजना को क्षेत्रीय विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताते हुए शासन एवं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

# प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 में प्रवेश जारी

- शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान इंदौर में पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होगा निःशुल्क प्रवेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर जिले में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY 4.0) के अंतर्गत प्रवेश प्रारंभ हो गए हैं। यह जानकारी देते हुए शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था नंदा नगर इंदौर के प्राचार्य ने बताया कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के तहत प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क है और पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होगा। उक्त संस्थान में प्रवेश के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता हाईस्कूल से हाई सेकेण्ड्री उत्तीर्ण है। इच्छुक प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त दस्तावेजों के साथ शासकीय संभागीय आईटीआई इंदौर में संपर्क कर सकते हैं। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य ने बताया कि सर्विस टेक्निशन होम अप्लायंस, ड्रोन सर्विस टेक्निशियन, इंडस्ट्रीयल वेस्ट वाटर ट्रिटमेंट ऑपरेटर और टेक्निशियन बैट्री मेंटेनेंस, प्रोसेसिंग एवं रीसाईकलिंग, टेलिकॉम ई-वेस्ट हेण्डलर और टैक्सी ड्रायवर (केवल महिलाओं के लिए) जॉब के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता हाई सेकेण्डरी है। प्लॉस्टिक री-साईक्लिंग माइक्रो इंटरप्रेनर के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता हाई स्कूल उत्तीर्ण है। उक्त सभी जॉब के लिए प्रशिक्षणार्थी की आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। प्रत्येक प्रशिक्षण की अवधि दो-तीन माह की है।

## इंदौर जिले में चना पंजीयन हेतु बनाये गए 61 पंजीयन केन्द्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए इंदौर जिले में चना उपार्जन के लिये किसान अपनी फसल का पंजीयन आगामी 16 मार्च तक करा सकते हैं। चना उपार्जन के लिए पंजीयन विगत 20 फरवरी से प्रारंभ हो गए हैं। जिले में चना पंजीयन के लिए पर्यवेक्षण एवं मॉनिटरिंग एवं नियंत्रण के लिए जिला स्तरीय उपार्जन प्रशासकीय समिति का गठन किया गया है। इस समिति में अध्यक्ष सहित कुल 11 सदस्यों को शामिल किया गया है। समिति के अध्यक्ष कलेक्टर श्री शिवम वर्मा है। अपर कलेक्टर श्री रोशन राय ने बताया कि जिले में किसानों की सुविधा के लिए पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनायी गई है। जिले की देपालपुर तहसील में सर्वाधिक 26 पंजीयन केन्द्र बनाये गए हैं। इसी तरह सांवेर में 14 और हातोद में 8 केन्द्र, डॉ. अम्बेडकर नगर (महू) में 5, खुडेल में 3, बिचौली हप्सी और कनाड़िया तहसील में दो-दो तथा मल्हारगंज तहसील में एक पंजीयन केन्द्र बनाया गया है।

## सेकंड ईयर की छात्रा ने फांसी लगाई



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** तिलक नगर क्षेत्र में रहने वाली 19 वर्षीय छात्रा ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार शाम परिजनों ने उसे कमरे में फंदे पर लटका देखा। सूचना मिलने पर तिलक नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस के मुताबिक मृतका प्रथा पुत्री परीक्षित बढ़िका, सांईनाथ कॉलोनी की निवासी थी। बुधवार शाम वह घर पर ही थी। इसी दौरान उसने कमरे में फांसी लगा ली। घटना के समय परिवार के सदस्य घर पर मौजूद थे। प्रथा मेडीकैप्स कॉलेज में बीएससी सेकंड ईयर की पढ़ाई कर रही थी। पुलिस के अनुसार वह नियमित रूप से कॉलेज जाती थी और पढ़ाई कर रही थी। पुलिस ने बताया कि प्रथा अपने माता-पिता की इकलौती संतान थी। उसके पिता एमपी ऑनलाइन की दुकान संचालित करते हैं। शुरुआती पूछताछ में परिवार ने किसी विवाद या कारण की जानकारी नहीं दी है। गुरुवार सुबह छात्रा का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और तनाव या अन्य संभावित कारणों को लेकर जांच की जा रही है।

## इंदौर जिले के 19 मदिरा समूहों (58 कम्पोजिट मदिरा दुकाने) का प्रथम चरण में ई-टेण्डर के माध्यम से किया जायेगा निष्पादन

### ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन हेतु ऑनलाइन टेण्डर प्रपत्र डाउनलोड एवं ऑफर सबमिट करने की तिथि 27 फरवरी से 02 मार्च तक रहेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** वित्तीय वर्ष 2026-27 की सम्पूर्ण अवधि अर्थात (दिनांक 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक की अवधि) के लिए इंदौर जिले के कुल 56 मदिरा एकल समूहों में सम्मिलित 173 कम्पोजिट मदिरा दुकानों में से 19 मदिरा समूहों (58 कम्पोजिट मदिरा दुकानें) का बैच-1 प्रथम चरण में ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से निष्पादन किया जायेगा। मदिरा दुकानों / एकल समूहों के निष्पादन की कार्यवाही जिला निष्पादन समिति द्वारा कलेक्टोरेट इंदौर के सभाकक्ष में की जायेगी।

सहायक आबकारी आयुक्त श्री अभिषेक तिवारी ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रथम चरण बैच 1 में ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) हेतु ऑनलाइन टेण्डर प्रपत्र डाउन लोड एवं ऑफर सबमिट करने की तिथि 27 फरवरी 2026 को प्रातः 10 बजे से 02 मार्च 2026 को दोपहर 02 बजे तक रहेगी। ई-टेण्डर कम ऑक्शन प्रपत्र खोलने की तिथि 02 मार्च 2026 को दोपहर 02.05 बजे से रहेगी। ई-टेण्डर कम ऑक्शन अंतर्गत ऑक्शन प्रारंभ एवं बंद होने की तिथि 02 मार्च 2026 को दोपहर 03.30 बजे से सायंकाल 05.30 बजे तक (तत्पश्चात 15 मिनिट के अंतराल में बोली दिये जाने पर आगामी 15 मिनिट के लिए समयावधि में वृद्धि) होगी। ई-टेण्डर खोलने की तिथि- संबंधित समूह का ऑक्शन समाप्त होने अथवा 02 मार्च 2026 को सायंकाल 06 बजे (जो भी बाद में हो) रहेगा। जिला समिति द्वारा ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से निराकरण किये जाने की तिथि एवं समय-ई-टेण्डर खोलने की प्रक्रिया पूर्ण होने तक रहेगी।

ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से बैच-1 के प्रथम चरण में निष्पादित किये जाने वाले 19 मदिरा एकल समूहों में स्कीम नं-54, एमआईजी, गांधीनगर, मूसाखेड़ी, बाणगंगा, सरवटे बस स्टेण्ड, ट्रांसपोर्ट नगर, स्कीम नं. 51, बीजलपुर, गवली पलासिया, अग्रसेन चौराहा, खुड़ैल, साजन नगर, आगरा, गौतमपुरा, इमली बाजार, मानपुर, चोरल और सगड़ौद शामिल हैं।

समूहों के लिए ई-टेण्डर तथा ई-टेण्डर कम ऑक्शन दोनों प्रक्रियाओं के माध्यम से ऑफर प्राप्त करने हेतु 02 पृथक-पृथक टेण्डर्स लाइव किये जाएंगे। टेण्डरदाता, किसी समूह के लिए एक प्रक्रिया अथवा दोनों प्रक्रियाओं में भाग ले सकेगा किन्तु दोनों प्रक्रियाओं में भाग लेने हेतु उनके द्वारा पृथक-पृथक टेण्डर फीस एवं EMD की राशि का भुगतान किया जाना आवश्यक होगा।

समूह के लिए प्रथमतः ई-टेण्डर कम ऑक्शन की प्रक्रिया को पूर्णतः सम्पादित कर, ऑक्शन में उच्चतम ऑफर प्राप्त हो जाने के उपरांत ही संबंधित समूह के ई-टेण्डर की तकनीकी एवं फायनेंशियल बिड को क्रमशः खोला जाएगा। उक्त दोनों प्रक्रियाओं में प्राप्त उच्चतम ऑफर्स में से अधिक राशि के ऑफर पर निष्पादन का निर्णय लिया जाएगा।

ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) की प्रक्रिया में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति टेण्डरदाता (बिडर) को NIC के mptenders पोर्टल https://mptenders.gov.in के होम पेज पर 'Online Bidder Enrollment' में जाकर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया पूर्ण करना होगी। इस हेतु बिडर का क्लास-3 डिजिटल सिग्नेचर होना आवश्यक है। रजिस्ट्रेशन उपरांत इच्छुक बिडर अपनी लॉगिन आई.डी., पासवर्ड एवं डिजिटल सिग्नेचर के माध्यम से पोर्टल पर लॉगिन कर सकता है। एक व्यक्ति/फर्म/एलएलपी कम्पनी/कन्सोर्टियम एक या एक से अधिक अथवा सभी मदिरा दुकानों एकल समूहों के लिए अलग-अलग ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) की प्रक्रिया में भाग ले सकेंगे। उक्त प्रक्रिया में भाग लेने हेतु समस्त प्रकार के आवेदकों (व्यक्ति फर्म/लिमिटेड लायबिलिटी पार्टनरशिप / कंपनी/कन्सोर्टियम आदि) को ई-आबकारी पोर्टल (https://eabkari.mp.gov.in/) पर कॉन्ट्रेक्टर रजिस्ट्रेशन मॉडयूल के अंतर्गत वर्ष 2026-27 हेतु पंजीयन कराना अनिवार्य है। वर्तमान अनुज्ञप्तिधारी अथवा पूर्व वर्ष में कॉन्ट्रेक्टर रजिस्ट्रेशन मॉडयूल पर पंजीकरण कर चुके आवेदकों को पुनः वर्ष 2026-27 हेतु पंजीकरण करना अनिवार्य है। टेण्डरदाता को किसी भी मदिरा दुकान एकल समूह के टेक्नीकल पात्रता हेतु ई-आबकारी पोर्टल के कॉन्ट्रेक्टर रजिस्ट्रेशन मॉडयूल में पंजीकरण एवं स्वीकृति उपरांत प्राप्त Approval slip को टेक्नीकल बिड में आवश्यक रुप से अपलोड करनी होगी। टेक्नीकल बिड में पात्रता हेतु अन्य किसी अभिलेख की आवश्यकता नहीं होगी। किसी समूह पर निविदा प्रस्तुत करने के लिए बिडर को, पोर्टल प्रोसेसिंग फीस, उस संबंधित समूह के टेण्डर फार्म की कीमत, एवं उक्त समूह की निर्धारित अर्नेस्टमनी की राशि ऑनलाइन NEFT/ RTGS अथवा Net Banking के माध्यम से जमा कराते हुए अपनी टेक्निकल एवं फाइनेंशियल बिड सबमिट करनी होगी। तदपरांत ही बिडर अपनी बिड फ्रीज कर सकता है। इच्छुक व्यक्ति ई-टेण्डर (ई-टेण्डर एवं ई-टेण्डर कम ऑक्शन) के माध्यम से निष्पादित की जाने वाली मदिरा दुकानों। एकल समूहों के संबंध में आवश्यक जानकारी तथा प्रभावशील शर्तें एवं नियम संबंधी जानकारी ई-टेण्डर सुविधा प्रदाता NIC के पोर्टल https://mptenders.gov.in के साथ-साथ कार्यालय सहायक आयुक्त आबकारी, जिला इंदौर से भी कार्यालयीन समय में (अवकाश के दिनों सहित) से प्राप्त कर सकेगा।

# इंदौर रिंग रोड प्रोजेक्ट का विरोध... किसानों का अर्धनग्न प्रदर्शन

## बोले-जमीन गई तो भूखे मरेंगे परिवार, एक इंच नहीं देंगे

**इंदौर। मध्य प्रदेश के इंदौर में सैकड़ों किसान रिंग रोड परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहण के विरोध में उतरे। अर्धनग्न होकर कलेक्ट्रेट को घेरा। गले में सम्मान के मेडल और शील्ड टांगकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं प्रदर्शन के दौरान गर्मी से एक किसान बेहोश हो गया था।**



कलेक्टर शिवम वर्मा प्रदर्शन कर रहे किसानों को मनाने के लिए उनके पास पहुंचे। वह बगीचे में जमीन पर बैठे और उनसे बात की। उन्होंने समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया। लगभग पांच घंटे बाद प्रदर्शन खत्म हुआ। किसानों का कहना है कि एक इंच जमीन नहीं देंगे। सिंहस्थ 2026 के लिए ये सब हो रहा है, जबकि 4 सड़कें पहले से हैं। इसके बाद भी किसानों की जमीन छीनी जा रही है। रिंग रोड के दायरे में आने वाली जमीन उनकी आजीविका का मुख्य स्रोत है। अगर जमीन चली गई तो परिवार भूखा मर जाएगा। भरण-पोषण का संकट खड़ा हो जाएगा। किसान गौतम बंटू गुर्जर ने कहा कि पूर्वी इलाके में पहले से ही तीन-चार कनेक्टिंग रोड हैं। इनमें RI-2, RI-3 और बाईपास शामिल हैं। इससे 1,200 किसानों की जमीन पर असर पड़ रहा है। सरकार हमारी उपजाऊ जमीन छीनना चाहती है, जबकि यहां अच्छी मात्रा में फसलें पैदा होती हैं। इससे मालवा-निमाड़ को फायदा होता है।

किसानों ने कहा- हम एक इंच भी जमीन नहीं देंगे। जब हमारे पास खेती की जमीन ही नहीं बचेगी तो वे अवॉर्ड का क्या करेंगे? खेती किसानों की आत्मा है। हम पूरे देश के लोगों का पेट भरते हैं। अगर सरकार सीमेंट और कंक्रीट का जंगल बना देगी तो किसान कहां जाएंगे? प्रदर्शनकारियों का कहना है कि पूर्वी आउटर रिंग रोड परियोजना के तहत उनकी कृषि भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। मुआवजा दर, पुनर्वास और सर्वे प्रक्रिया को लेकर पारदर्शिता नहीं बरती गई। उनकी आपत्तियों पर उचित सुनवाई नहीं हो रही।अधिग्रहण की प्रक्रिया जल्दबाजी में आगे बढ़ाई जा रही है।

किसान संतोष सोनतिया ने बताया कि अगर पश्चिम ऑउटर रिंग रोड बन जाती है तो फिर पूर्वी रिंग रोड की जरूरत नहीं है। यहां भूमाफिया के फेर में किसानों की उपजाऊ जमीन को खत्म किया जा रहा है। कई किसान यहां प्राकृतिक खेती कर रहे हैं, जिसके लिए हम सम्मानित भी हो चुके हैं। जमीन नहीं बचेगी तो सम्मान का क्या करेंगे।

किसान संतोष ने कहा कि हमने प्रधानमंत्री तक हमारी बात पहुंचाई है, लेकिन कोई नहीं सुन रहा है। इसके चलते हमें इस तरह से विरोध प्रदर्शन करना पड़ रहा है। प्रदर्शन में इंदौर, महू, देवास, सांवेर विधानसभा के हैं। ADM रोशन राय ने बताया कि अलाइनमेंट बदलने और गाइडलाइन से ज्यादा मुआवजे की मांग है। पिछले छह महीने से किसानों से बातचीत चल रही है। जैसे वेस्टर्न रिंग रोड की समस्या हल हुई, वैसे ही इसे भी हल किया जा रहा है। मुद्दे यहां हल हो सकते हैं, उन्हें यहां सुलझाया जाएगा। सरकार को भेजने लायक हैं, उन्हें वहां भेजा जाएगा।

### मुख्य मांगें...

1. बाजार दर के अनुरूप उचित मुआवजा
2. सर्वे प्रक्रिया में पारदर्शिता
3. पुनर्वास नीति स्पष्ट करना
4. आपत्तियों पर व्यक्तिगत सुनवाई
5. मांगों पर ठोस निर्णय नहीं होने पर आंदोलन जारी रहेगा।

# इंदौर से खडकी(पुणे) के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। होली के दौरान अतिरिक्त यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल द्वारा इंदौर से खडकी(पुणे) के मध्य गाड़ी संख्या 09324/09323 इंदौर-खडकी-इंदौर स्पेशल ट्रेन का परिचालन स्पेशल किराया पर किया जाएगा।**

पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी श्री मुकेश कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इन ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार हैः गाड़ी संख्या 09324 इंदौर खडकी स्पेशल, इंदौर से 04 मार्च से 25 मार्च 2026 तक चलेगी। यह ट्रेन इंदौर से प्रति बुधवार को 11.15 बजे चलेगी तथा

अगले दिन 02.50 बजे खडकी रेलवे स्टेशन पहुँचेगी। इस ट्रेन कादेवास (11.50/11.52), उज्जैन (12.40/12.45), नागदा (13.57/14.00) एवं रतलाम (14.35/14.40) बजे आगमन/प्रस्थान होगा। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09323 खडकी - इंदौर स्पेशल, खडकी से 05 मार्च से 26 मार्च 2026 तक चलेगी। यह ट्रेन खडकी से प्रति गुरुवार को 04.40 बजे चलेगी तथा गुरुवार को ही 23.55 बजे इंदौर रेलवे स्टेशन पहुँचेगी। इस ट्रेन का रतलाम (20.30/20.35), नागदा (21.10/21.15), उज्जैन (22.05/22.07) एवं देवास (23.00/23.02) बजे आगमन/प्रस्थान होगा। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में देवास, उज्जैन, नागद, रतलाम, गोधरा, वडोदरा, सूरत, वलसाड, वापी, वसई रोड, भिवंडी रोड, कल्याण एवं लोनावाला स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास एवं जनरल सेकंड क्लास के कोच होंगे। ट्रेन संख्या 09324 की बुकिंग 27.02.2026 से सभी पीआरएस काउंटरों तथा आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के ठहराव, संरचना एवं समय की विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर एवं रेलवन ऐप पर भी अवलोकन कर सकते हैं।



# रंजिश के चलते कार के कांच फोड़े



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एरोड्रम इलाके में बुधवार रात बदमाशों ने एक कार के कांच फोड़ दिए। बताया जाता है कि कार मालिक से आरोपियों का पूर्व से विवाद चल रहा है। कार मालिक ने कुछ दिन पहले पथराव करने वाले आरोपी से मारपीट की थी। जिसके बाद उनपर हमला किया गया। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।**

एडीशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक भोलेनाथ कॉलोनी में देर रात अशुल बाटली, गट्टू और छोटू काले ने इलाके में एक कार पर पथराव कर दिया। पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच पहले से आपसी तनातनी चली आ रही है। कुछ दिन पहले आरोपी पक्ष लोग चाकूबाजी में घायल हुए थे। उसी का बदला लेने के लिए कार पर पथराव किया गया। हालांकि सीसीटीवी फुटेज के बाद पुलिस मामले में जांच कर रही है। चंदन नगर पुलिस ने तीन दिन पहले इलाके में कारों के कांच फोड़ने वाले बदमाश सावन को पकड़ा। इलाके में उसका पैदल जुलुस निकाला गया। इस दौरान वह माफी मांगते नजर आया। इलाके में रहवासियों ने टीआई तिलक करोले की कार्रवाई से खुश होकर उन्हें गमछा पहनाकर स्वागत किया। टीआई ने भरोसा दिलाया कि वह आगे से इलाके में इस तरह की अप्रिय घटना नहीं होने देंगे।

## होली पर्व के मद्देनज़र खाद्य सुरक्षा प्रशासन का जाँच अभियान सतत जारी

# 11 प्रतिष्ठानों की जांच, कुल 37 नमूने लिए गए, एक प्रतिष्ठान में खाद्य कारोबार कराया गया बंद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा होली पर्व के दृष्टिगत खाद्य पदार्थों की सघन जांच कर मिलावट पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा द्वारा कलेक्ट्रेट में खाद्य सुरक्षा प्रशासन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में होली पर्व को देखते हुए जिले में विशेष सघन जांच अभियान निरंतर संचालित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अधिक से अधिक खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के अधिकाधिक नमूने लिए जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया। कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा जिले में प्रभावी कार्रवाई की गई है।**





इसी क्रम में आज 26 फरवरी को न्यू देवास रोड, मालवा मिल स्थित OVK महिला गृह उद्योग का औचक निरीक्षण किया गया। मौके पर प्रोप्राइटर श्री केतन जैन उपस्थित पाए गए। परिसर में मेथी बिस्किट, शकर पारा, मैदा फली, मैदा काजू, मिनी भाकरवाड़ी, मठरी आदि का निर्माण अस्वच्छ परिस्थितियों में किया जाना पाया गया तथा निर्माण हेतु परिस्थितियाँ उपयुक्त नहीं पाई गईं। मौके से खाद्य पदार्थों के कुल 05 नमूने लिए गए तथा सुधार होने तक परिसर में खाद्य पदार्थों का निर्माण कार्य बंद कराया गया।

इसी प्रकार श्री कृष्ण दूध दही भंडार, बड़ी भमोरी का औचक निरीक्षण कर संचालक श्री रितेश कामदार से मिल्क केक एवं पेड़ा के कुल 02 नमूने लिए गए। श्री कृष्ण मिल्क एंड स्वीट्स, बड़ी भमोरी का निरीक्षण कर संचालक श्री कुणाल मुकाती से मावा एवं पनीर के कुल 02 नमूने लिए गए। श्री द्वारकाधीश स्वीट्स एंड नमकीन, छोटी भमोरी से बर्फी, बेसन लड्डू एवं सेव, चना दाल एवं उड़द दाल के कुल 05 नमूने लिए गए। अंबिका स्वीट्स एवं नमकीन, छोटी भमोरी का निरीक्षण कर बेसन लड्डू, दूध बर्फी, दूध कतली एवं नमकीन के कुल 05 नमूने जांच हेतु लिए गए। पार्श्वनाथ स्वीट्स, भमोरी का औचक निरीक्षण कर खाद्य कारोबारकर्ता श्री दीपेश जैन के हस्ते मिल्क केक, मावा कतली एवं गुपचुप के कुल 03 नमूने लिए गए। श्री श्याम ट्रेडिंग, नंदा नगर, इंदौर का निरीक्षण कर विभिन्न दालों के कुल 05 नमूने लिए गए। भेरुनाथ नमकीन, नंदा नगर से नमकीन के कुल 04 नमूने जांच हेतु लिए गए। द्वारकाधीश दूध दही भंडार, पाटनीपुरा का निरीक्षण किया गया, जहां श्री त्रिलोक मेहता उपस्थित पाए गए। मौके से मावा एवं दही के कुल 02 नमूने लिए गए तथा संबंधित को साफ-सफाई संबंधी निर्देश दिए गए। मां उमिया मावा भंडार पर श्री राकेश पाटीदार उपस्थित पाए गए, जहां से मावा का नमूना लिया गया। महाराजा मिल्क सेंटर का निरीक्षण कर श्री मयंक खंडेलवाल से गुलाब जामुन, घी एवं दही के कुल 03 नमूने लिए गए।

सभी नमूनों को परीक्षण हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। होली पर्व के मद्देनज़र जिले में खाद्य पदार्थों की सघन जांच अभियान निरंतर जारी रहेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव भीलवाड़ा में सनातन मंगल महोत्सव, संत समागम एवं दीक्षा महोत्सव में हुए शामिल

# 'स्व से सृष्टि' तक मंगल ही हमारा संकल्प, सेवा ही हमारा परम धर्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल/भीलवाड़ा, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को राजस्थान के भीलवाड़ा में हरिशेवा उदासीन आश्रम के स्थानापति परमपूज्य श्री महामण्डलेश्वर स्वामी हंसरामजी महाराज की मौजूदगी में हुए सनातन मंगल महोत्सव, संत समागम एवं दीक्षा महोत्सव में शामिल हुए। राजा भलराज भील की नगरी भीलवाड़ा में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वामी हंसरामजी महाराज से भेंटकर उनका सानिध्य और आशीर्वाद भी प्राप्त किया।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगल महोत्सव एवं संत समागम में देश-विदेश से आये विद्वतजनों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सबके मंगल की कामना करने वाली महान और गौरवशाली भारतीय संस्कृति के संवाहक हैं। हमारी संस्कृति का सूत्र वाक्य ही 'वसुधैव कुटुंबकम्' है। हमारा यही जीवन मूल्य हमें 'स्व के साथ पूरी सृष्टि' के कल्याण की प्रेरणा देता है। सनातन मंगल महोत्सव का आयोजन हमारी सर्व कल्याणकारी भावना की ही जीवंत अभिव्यक्ति है। खुद के लिए तो सब जीते हैं, संसार के सभी प्राणियों, जीव-जंतुओं, पेड़-पौधों-वनस्पतियों के कल्याण के जीवोमूल लक्ष्य के लिए जीना ही हम सबका परम सेवाधर्म होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति की जड़ें सेवा, समर्पण, विश्व बंधुत्व और सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की परोपकारी भावना में निहित हैं। सेवाभाव ही हमारी संस्कृति का प्राण है और जीवमात्र की सेवा ही श्रीहरि की सेवा है, सम्पूर्ण मानवता की सेवा है। उन्होंने कहा कि 'रा' से राजस्थान और 'म' से मध्यप्रदेश मिलकर 'राम' की महिमा बढ़ा रहे हैं। हमारी सरकार राम और कृष्ण के जहां-जहां चरण पड़े, उन स्थानों को तीर्थ स्थल के रूप में विकसित कर रही है। हम श्रीरामचन्द्र गमन पथ और कृष्ण पाथेय तैयार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सामाजिक जीवन में नैतिक मूल्यों, करुणा, सद्भाव और समरसता के प्रसार में संतजनों की भूमिका निरापद रूप से अत्यंत ही महत्वपूर्ण है। पूज्य हंसरामजी महाराज धर्म के सभी मूल्यों, भक्ति, सेवा, सत्य, अहिंसा को जीवंत रख रहे हैं। आश्रम के माध्यम से आपने हजारों असहायों को सहारा दिया। उन्होंने कहा कि मानव कल्याण के पुनीत उद्देश्य से हो रहे इस मंगल आयोजन में आकर वे बेहद गौरवान्वित हैं। संस्कृति से ही हमारी पहचान है। हमारी सरकारें जीवन मूल्यों, शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा, पर्यावरण पर एकजुट होकर काम कर रही हैं। हमें संकल्प लेना होगा कि हम अपने बच्चों को वेद-पुराण पढ़ाएं, संस्कार दें, सेवा में लगाएं और धर्म की रक्षा करें। धर्म केवल पूजा नहीं, हमारी जीवन पद्धति है। सेवा से श्रीहरि मिलते हैं। भक्ति से मुक्ति मिलती है। इसलिए हम सब मिलकर संकल्प लें कि समाज में एकता लाएंगे, युवाओं को अच्छे संस्कार देंगे और भारत को एक बार पुनः विश्व गुरु बनाएंगे। राजस्थान सरकार के सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि भीलवाड़ा एक धार्मिक नगरी है। यह हरि और हर के मिलन केंद्र जैसा है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सनातन मंगल महोत्सव में भीलवाड़ा आकर हम सबका मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के संकल्प से आज अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बनकर तैयार हो चुका है। हमारा 500 साल पुराना सपना अब साकार हो गया है। संत समागम को भीलवाड़ा के सांसद दामोदर अग्रवाल, महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी महाराज और पूज्य ज्ञानेश्वरी दीदी ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर हितेश्वरानंद, हरेरामजी, अरूणदास, सुखदेवानंद, कई प्रमुख आश्रमों के महामंडलेश्वर, मंडलेश्वर, महंत, अधिपति सहित बड़ी संख्या में साधु-संत एवं धर्म श्रद्धालु उपस्थित थे।

## छात्रा से जबरदस्ती की कोशिश पर कान पकड़कर जुलूस निकाला



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम, एजेंसी। नगर में कक्षा 12वीं की छात्रा (हिंदू युवती) को नशीला पदार्थ खिलाकर जबरन संबंध बनाने की कोशिश करने वाले मुस्लिम आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार दोपहर पुलिस आरोपी को पैदल लेकर कोर्ट पहुंची। आरोपी कान पकड़कर चलता रहा। आरोपी ने छात्रा के साथ आपत्तिजनक हरकत कर फोटो भी ले लिए। जिसे वायरल करने की धमकी दी थी।**

घटनाक्रम ढाई माह पुराना है। छात्रा ने पांच दिन पूर्व थाना औद्योगिक क्षेत्र में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया था कि 30 नवंबर 2025 की शाम अपनी सहेली के बर्थडे पार्टी में गई थी। जहां मुन्नालाला (सैफ अली) नाम का लड़का भी आया था। जिसे मैं नहीं पहचानती थी। उसने मुझे कुछ सफेद पाउडर जैसा खाने के लिए दिया। मैंने खाने से मना किया। उसने कहा कि तु खाकर तो देख अच्छी चीज है। अच्छी नहीं लगे तो थूक देना। इसके बाद पाउडर खा लिया। उसके बाद छात्रा को चक्कर आने लगे। वह थूकने के लिए बाहर गई तो पीछे से मुन्नालाला पास आ गया। उसने बुरी नियत से पकड़ते हुए आपत्तिजनक हरकत करते हुए छात्रा का फोटो ले लिया। संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा। तब उसे पता चला कि युवक तो मुस्लिम है। फोटो लेने पर आपत्ति जताते हुए पुलिस में शिकायत की बात कही। तो मुन्नालाला ने जान से मारने व फोटो वायरल करने की धमकी दी थी। युवती डर व दबाव के कारण इतने दिनों तक शिकायत नहीं कर पाई थी। मुन्नालाला इस तरह की हरकते कई लड़कियों के साथ कर चुका है। पुलिस ने 18 फरवरी की रात केस दर्ज किया था। थाना प्रभारी सत्येंद्र रघुवंशी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गुरुवार दोपहर रास्ते में पुलिस वाहन खराब होने से पैदल कोर्ट लेकर गए है। जहां से उसे जेल भेज दिया।

## पत्नी ने गला घोंटा प्रेमी ने कटर से काटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दतिया, एजेंसी। जिले में सरकारी हॉस्टल की अधीक्षिका ने 9 साल पहले अपने से 6 साल छोटे व्यक्ति से लव मैरिज की। अब प्रेमी के साथ मिलकर उसी की हत्या कर दी। महिला ने कार में बैठे-बैठे पति का गला दबाया, प्रेमी ने कटर मशीन से गला काटा। हत्या करने के बाद दोनों हाईवे के एक ढाबे पर रुके। खाना खाया। करीब 45 मिनट के इसी समय ने उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। मृतक की शिनाख्त 39 वर्षीय कल्याण राणा के रूप में हुई, जो ग्वालियर का रहने वाला था। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट से उसकी हत्या किए जाने की पुष्टि हो गई।**




पुलिस ने आसपास के ढाबों, हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की। हाईवे पर श्रीजी ढाबे के सीसीटीवी फुटेज में दिखा कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में लिखे वारदात के समय के आसपास कल्याण राजा की पत्नी हेमलता (46) वहां मौजूद थी। उसके साथ अमित सूरी नाम का शख्स था। पुलिस के शक की सुई हेमलता पर टिक गई। उसे हिरासत में लिया गया। पुलिस ने सख्ती दिखाई तो वह टूट गई। हेमलता ने गुनाह कबूल करते हुए बताया कि उसने अपने प्रेमी अमित के साथ मिलकर कल्याण की हत्या की है। वारदात के कुछ ही देर बाद वह अमित के साथ ढाबे पर गई थी, वहां खाना खाया। इस दौरान दोनों करीब 45 मिनट तक ढाबे पर रहे। पुलिस पूछताछ में हेमलता ने बताया कि कल्याण उसका दूसरा पति था। पहले पति की 2011 में मौत हो चुकी थी। पहली शादी से उसे दो बेटियां हैं। पति टीचर थे, उनके गुजर जाने के बाद उसे अनुकंपा नियुक्ति मिली। फिलहाल वह सरकारी हॉस्टल में अधीक्षिका है। ग्वालियर में रहने के दौरान उसकी मुलाकात कल्याण से हुई। नजदीकियां बढ़ीं तो 2015 में उसने और कल्याण ने लव मैरिज कर ली। कल्याण उससे 6 साल छोटा था।

## उज्जैन में महाकाल लोक के सामने होटल में भीषण आग

● यात्रियों को सुरक्षित निकाला, दो दमकल ने दो घंटे में पाया आग पर काबू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** उज्जैन में बुधवार देर रात महाकाल लोक के सामने स्थित एक होटल में अचानक भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि समय रहते होटल में ठहरे सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि आग से होटल में भारी नुकसान हुआ है। घटना जयसिंहपुरा क्षेत्र स्थित संतोष पैलेस होटल की है। बुधवार रात करीब 11:30 बजे होटल की तीसरी मंजिल पर आग लग गई। आग की लपटें और धुआं उठता देख क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही चार दमकल वाहन मौके पर पहुंचे। फायर ब्रिगेड की



दो गाड़ियों, महाकाल थाना पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग बुझाने के लिए फायर एक्सटिंगुइशर का भी उपयोग किया गया।

### पुलिस कर रही जांच

महाकाल थाना टीआई गगन बादल ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी। करीब दो घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच की जाएगी। फायर अधिकारी एलपी साहू ने बताया कि चार दमकल वाहन भेजे गए थे, लेकिन दो गाड़ियों से ही आग पर नियंत्रण पा लिया गया। आग लगने की घटना सबसे पहले कुछ स्थानीय मुस्लिम युवाओं ने देखी। उन्होंने तुरंत होटल प्रबंधन और क्षेत्रवासियों को सूचना दी। मोहम्मद अजान, मोहम्मद सलमान और मोईन खान ने सबसे पहले मौके पर पहुंचकर पानी और आग बुझाने के यंत्रों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया। उनकी सतर्कता और साहस से बड़ा हादसा टल गया।

## संपादकीय

# क्रेता-विक्रेता से आगे भारत-केन्या रक्षा संबंध

केन्या पूर्वी अफ्रीका में भारत का एक पुराना रक्षा सहयोगी है। केन्या अमेरिका का भी एक अहम डिफेंस पार्टनर है, लेकिन बीते वर्षों में यह इस क्षेत्र में भारत का महत्वपूर्ण सामरिक और दीर्घ-कालिक रक्षा सगहोगी बनकर उभरा है। 24 से 26 फरवरी (2026) के बीच भारत-केन्या ज्वाइंट डिफेंस कोऑर्डिनेशन कमेटी (JDCC) की चौथी बैठक नैरोबी में हुई है। भारतीय रक्षा प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत के दौरान केन्या डिफेंस फोर्स ने दोनों देशों के बीच रक्षा भागीदारी को और मजबूत और लगातार विस्तार देने पर हामी भरी है। इसके तहत दोनों देश डिफेंस रिसर्च, डेवलपमेंट और प्रोडक्शन में सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए हैं। भारत और केन्या के बीच अब सिर्फ क्रेता-विक्रेता वाला रिश्ता नहीं रह गया है, दोनों देशों ने अपनी क्षमताओं के सहभागिता के साथ विकास, समुद्री सुरक्षा और रक्षा उद्योग में सहयोग बढ़ाने पर पूरा फोकस देना शुरू किया है। अब भारत और केन्या दोनों ने ही अपने रक्षा सहयोग को पांच साल के एक रोडमैप के साथ और ज्यादा मजबूत और विस्तार देने का फैसला किया है। अब भारत के साथ मिलकर केन्या बदलते जियोपॉलिटिक्स की जरूरतों को देखते हुए इलेक्ट्रोनिक वॉरफेयर, साइबर सिक्योरिटी के साथ-साथ मिलिट्री मेडिकल सर्विस में भी आदान-प्रदान कर रहे हैं। जेडीसीसी में भारतीय प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई संयुक्त सचिव (इंचार्ज) अमिताभ प्रसाद और केन्या के डिफेंस फोर्स के असिस्टेंट चीफ मेजर जनरल फ्रेडरिक एल लेयुरिया ने की। केन्या को हिंद महासागर क्षेत्र में भारत का खास रक्षा सहयोगी माना जाता है। 2023 में दोनों देशों ने एक दुर्लभ ज्वाइंट विजन स्टेटमेंट ऑन मैरीटाइम कोऑपरेशन जारी किया था, जिसका फोकस ब्लू इकोनॉमी और समुद्री सुरक्षा में साझा हित था। भारत, केन्या को लगातार प्रोत्साहित कर रहा है कि वह भारतीय रक्षा उपकरण और सेवाओं का इस्तेमाल करे। इसी कड़ी में गोवा शिपयार्ड लिमिटेड और केन्या शिपयार्ड लिमिटेड के बीच जहाज निर्माण, मरम्मत और मेंटेंस के लिए संयुक्त उद्यमों की भी शुरुआत हुई है। भारतीय सशस्त्र सेना भारतीय सैन्य संस्थानों में केन्या डिफेंस फोर्स के जवानों और अफसरों के लिए विस्तृत प्रशिक्षण भी उपलब्ध करवाती है। इनमें इलेक्ट्रोनिक वॉरफेयर, साइबर सिक्योरिटी और मिलिट्री मेडिकल सेवाएं शामिल हैं। भारत ने केन्या को रक्षा सहयोग के तहत कई तरह के रक्षा उपकरण भी उपलब्ध करवाए हैं। मसलन, 2016 में उसे 30 एंबुलेंस दिए गए और अब केन्याई सेना ने भारतीय कंपनियों से 'वज्र सुपर शॉट' जैसे टेक्नोलॉजी भी लेने शुरू कर दिए हैं। दोनों देशों की नेवी संयुक्त युद्धाभ्यास में भी शामिल होती रहती है। केन्याई नेवी 25 फरवरी,2026 को संपन्न हुए भारतीय समुद्री क्षेत्र के एक्सरसाइज मिलन 2026 (Exercise MILAN, 2026) का भी हिस्सा बन चुकी है।

## धर्म-कर्म



# कौन हैं नमो रैपिड रेल की पहली महिला ड्राइवर? जानें ऋषिता की कहानी

दिल्ली-मेरठ हाई-स्पीड कॉरिडोर पर दौड़ती आधुनिक ट्रेन अब एक नई पहचान के साथ जुड़ गई है। नमो भारत को उसकी पहली महिला ट्रेन ऑपरेटर मिल गई हैं, जिनका नाम है ऋषिता। यह उपलब्धि सिर्फ एक पद हासिल करने की कहानी नहीं, बल्कि भारत के बदलते ट्रांसपोर्ट सेक्टर और महिला सशक्तिकरण की मजबूत तस्वीर है। नमो भारत रैपिड रेल की पहली महिला ड्राइवर बनकर ऋषिता ने इतिहास रच दिया है। यह उपलब्धि सिर्फ व्यक्तिगत जीत नहीं, बल्कि आधुनिक भारत की बदलती सोच, तकनीकी प्रगति और महिला सशक्तिकरण की पहचान है। तेज रफ्तार से दौड़ती ट्रेन के साथ अब एक नई उम्मीद भी दौड़ रही है। आइए जानते हैं रैपिड रेल की महिला ऑपरेटर ऋषिता के बारे में।

### ● देश की पहली रीजनल रैपिड ट्रांजिट सेवा का हिस्सा

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम द्वारा विकसित दिल्ली-मेरठ RRTS कॉरिडोर देश की पहली रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम सेवा है। यह कॉरिडोर हाई-स्पीड ट्रेन, आधुनिक सिग्नलिंग सिस्टम और अत्याधुनिक सुरक्षा मानकों से लैस है।

एनसीआर क्षेत्र में यात्रा समय को कम करने और सुरक्षित, तेज व आरामदायक सफर देने के उद्देश्य से तैयार यह प्रोजेक्ट भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर इतिहास में मील का पत्थर माना जा रहा है। इसी ऐतिहासिक परियोजना में पहली महिला ट्रेन ऑपरेटर के रूप में ऋषिता की नियुक्ति बेहद प्रेरणादायक है।

### ● ऋषिता सफर नहीं था आसान

हाई-स्पीड नेटवर्क पर ट्रेन चलाना सामान्य जिम्मेदारी नहीं है। इसके लिए आवश्यक होता है,

### ● कड़ी तकनीकी ट्रेनिंग

1. एडवांस सिम्युलेटर प्रैक्टिस
2. ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम की गहरी समझ
3. रीयल-टाइम कंट्रोल सिस्टम के साथ समन्वय
4. इमरजेंसी रिस्पॉन्स की तैयारी
5. ऋषिता ने इन सभी चरणों को सफलतापूर्वक पूरा किया और खुद को इस चुनौतीपूर्ण भूमिका के लिए साबित किया।

### ● ड्राइवर की भूमिका सिर्फ ट्रेन चलाने तक सीमित नहीं

हाई-स्पीड कॉरिडोर पर एक सेकंड की भी चूक की गुंजाइश नहीं होती। ट्रेन ऑपरेटर को हर समय सतर्क रहना पड़ता है। उनकी जिम्मेदारियों में शामिल हैं,

1. समय की सटीकता बनाए रखना
2. यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना
3. कंट्रोल रूम से लगातार समन्वय
4. तकनीकी सिस्टम की निगरानी
5. किसी भी आपात स्थिति में त्वरित निर्णय लेना

ऋषिता अब इस पूरी प्रणाली की कमान संभालते हुए हजारों यात्रियों को रोज सुरक्षित मंजिल तक पहुंचा रही हैं।

### ● दिल्ली-मेरठ कॉरिडोर ने बदला सफर का अनुभव

दिल्ली से मेरठ तक का यह हाई-स्पीड कॉरिडोर एनसीआर में यात्रा के मायने बदल रहा है। जहां पहले घंटों लगते थे, वहीं अब सफर काफी कम समय में पूरा हो रहा है। यह प्रोजेक्ट न सिर्फ ट्रैफिक दबाव कम कर रहा है, बल्कि पर्यावरण के लिहाज से भी बेहतर विकल्प साबित हो रहा है।

### ● महिला सशक्तिकरण की मजबूत मिसाल

ऋषिता की उपलब्धि यह संदेश देती है कि तकनीकी और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में महिलाएं अब सिर्फ भागीदारी नहीं, बल्कि नेतृत्व की भूमिका निभा रही हैं। रेल पटरियों से लेकर पायलट सीट तक हर जगह महिलाओं की मौजूदगी बढ़ रही है। उनकी यह सफलता नई पीढ़ी की बेटियों को यह भरोसा देती है कि अगर सपने बड़े हों और मेहनत सच्ची हो, तो कोई भी क्षेत्र दूर नहीं।

New Delhi

# शराब घोटाला केस में अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया आरोप मुक्त, कोर्ट ने कहा- CBI के पास कोई सबूत नहीं



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली शराब घोटाला मामले में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने दोनों को मामले से आरोपमुक्त कर दिया है। कोर्ट का कहना है कि दोनों के खिलाफ कोई सबूत नहीं मिले हैं। अदालत ने कहा सीबीआई के पास इनके खिलाफ मुकदमा चलने के लिए पर्याप्त सबूत नहीं हैं। इसी के साथ अन्य आरोपी भी बरी कर दिए गए हैं।

दरअसल अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया शराब घोटाला मामले की सुनवाई के लिए राउज एवेन्यू कोर्ट पहुंचे थे। केजरीवाल और सिसोदिया व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हुए, जबकि के. कविता, अमनदीप ढल और कई अन्य आरोपी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुनवाई में शामिल हुए। कोर्ट ने सभी आरोपियों को बरी करते हुए अपने फैसले में कहा कि आबकारी नीति में कोई व्यापक साजिश या आपराधिक इरादा नहीं था। इसी के साथ कोर्ट ने ने आबकारी नीति मामले में अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया समेत सभी 23 आरोपियों के खिलाफ सीबीआई का मामला बंद कर दिया है। सुनवाई के दौरान विशेष न्यायाधीश जितेंद्र सिंह ने सीबीआई को दोषपूर्ण जांच के लिए फटकार लगाई और कहा कि विस्तृत आरोपपत्र में कई खामियां हैं जिनका समर्थन गवाहों या बयानों से नहीं होता।

Maharashtra

## टूटी-फूटी झोपड़ी में छापा, 68 लाख का ड्रग्स और कोडीन कफ सिरप बरामद, दो युवक गिरफ्तार



**ठाणे, (एजेंसी) महाराष्ट्र के ठाणे शहर में नशे के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है. यहां मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में दो युवकों को पकड़ा गया है. पुलिस ने दोनों के पास से मेफेड्रोन (MD) और प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरप की बड़ी खेप बरामद की है, जिसकी कुल कीमत करीब 68 लाख रुपये बताई जा रही है.**

एजेंसी के अनुसार, यह कार्रवाई 24 फरवरी की रात ठाकुरपाड़ा इलाके में की गई. यहां एक जर्जर झोपड़ी में छापेमारी के दौरान पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान 29 वर्षीय अजीम अहमद नईम अहमद खान और 28 वर्षीय अबुजैद इम्तियाज खान के रूप में हुई है. तलाशी के दौरान पुलिस को आरोपियों के पास से 57 बोतल कोडीन युक्त कफ सिरप और 338.1 ग्राम मेफेड्रोन बरामद हुआ. शुरुआती जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी इन नशीले पदार्थों को अवैध रूप से खरीद-बिक्री करने की फिराक में थे. बरामद माल की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों रुपये में आंकी गई है, जिससे इस गिरोह के बड़े नेटवर्क से जुड़े होने की आशंका भी जताई जा रही है. पुलिस ने बताया कि कोडीन युक्त कफ सिरप सामान्यतः दवा के रूप में इस्तेमाल होता है, लेकिन इसका दुरुपयोग नशे के लिए किया जाता है.

New Delhi

## भयंकर रूप ले रहा होरासियो तूफान, पहाड़ी इलाकों से केरल तक अलर्ट, बदल सकता है मौसम

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** उत्तर भारत से सर्दी की विदाई के साथ ही तापमान में नाटकीय परिवर्तन देखा जा रहा है। वहीं दक्षिण भारत में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। पहाड़ी इलाकों में अब भी बर्फबारी की संभावना बनी हुई है और उत्तराखंड-हिमाचल में बारिश भी हो सकती है। दरअसल हिंद महासागर में बना चक्रवात 'होरासियो' लगभग 260 किलोमीटर की स्पीड से आगे बढ़ रहा है। यह भले ही भारत के किसी तट पर लैंडफाल ना करे, इसके बावजूद इसका असर भारतीय उपमहाद्वीप पर पूरा देखा जा रहा है। मौसम विभाग ने इस तूफान को देखते हुए ही आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और केरल में अलर्ज जारी कर दिया है। देशभर में इस समय मौसम के कई रूप देखने को मिल रहे हैं।पंजाब और हरियाणा में कोहरे की वापसी हो रही है। तो वहीं पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का नजारा देखने को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश, दिल्ली और बिहार में चिलचिलाती धूप और दक्षिण भारत में बारिश की संभावना है। उत्तर-पश्चिम में अगले तीन दिनों में तापमान में 5 डिग्री तक की वृद्धि देखी जा सकती है।

Uttarpradesh

## पत्नी का अफेयर और दुबई भागने की तैयारी... दु:खी बाप- बेटी ने ट्रेन से कटकर दी जान

**उन्नाव, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले से एक गंभीर मामला सामने आया है, जहां 50 वर्षीय व्यक्ति और उसकी 14 वर्षीय बेटी की ट्रेन से कटकर मौत हो गई. घटना 23 फरवरी की रात गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सहजनी क्रॉसिंग के पास हुई. रात करीब 8:45 बजे रेलवे ट्रैक के किनारे दोनों के शव पड़े मिले. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की.

**फोन, पर्स और सुसाइड नोट बरामद-** घटनास्थल से कुछ दूरी पर एक सफेद कार भी मिली, जिसमें से मोबाइल फोन और पर्स बरामद हुआ. पुलिस के अनुसार मोबाइल के पीछे एक छोटा सुसाइड नोट मिला, जिसमें कथित रूप से पत्नी को इस कदम के लिए जिम्मेदार ठहराया गया था. फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.





**पत्नी के निधन के बाद दूसरी शादी-** मृतकों की पहचान 50 वर्षीय विकास गुप्ता और उनकी 14 वर्षीय बेटी वेदिका के रूप में हुई. दोनों सहजनी चौराहे के पास किराए के मकान में रहते थे. पुलिस के मुताबिक विकास ने पहली पत्नी के निधन के बाद डॉली नाम की महिला से दूसरी शादी की थी. दांपत्य जीवन में विवाद की बात भी सामने आई है.

खेल

## जिम्बाब्वे पर जीत से बढ़ी उम्मीद : भारत के नेट रन रेट में सुधार, विंडीज के खिलाफ फतह दिलाएगी सेमीफाइनल का टिकट

**चेन्नई, (एजेंसी) दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को हराकर भारत के लिए राह आसान की थी। अब बारी थी भारतीय टीम की जिसके लिए जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच जीतना काफी जरूरी था। भारत ने इस मैच में बल्ले और गेंद दोनों से दमदार प्रदर्शन किया जिससे सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली टीम ने सेमीफाइनल की ओर एक कदम बढ़ा लिए। भारत को अगर टी20 विश्व कप के अंतिम चार में पहुंचना है तो उसे सुपर आठ के आखिरी मैच में वेस्टइंडीज को हराना होगा।**



ग्रुप-1 से दक्षिण अफ्रीका ने क्वालिफाई कर लिया है। इससे पहले ग्रुप-2 से इंग्लैंड की टीम ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। वहीं, भारत अगर अपने अगले मैच में वेस्टइंडीज को मात दे देता है तो वह भी सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा। जिम्बाब्वे इस हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गई है। भारत की जीत से जिम्बाब्वे का सफर टी20 विश्व कप में समाप्त हो गया है। ग्रुप-1 से सेमीफाइनल की दौड़ में अब वेस्टइंडीज और भारत शामिल है। दक्षिण अफ्रीका ने लगातार दो मैच जीतकर स्थिति मजबूत कर ली थी और भारत की जीत से वह सेमीफाइनल में पहुंचने में सफल रहा। अब अगर भारत अपना आखिरी मैच जीत जाए तो ग्रुप-1 से भारत और दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल में पहुंच जाएंगे।

भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में चार विकेट पर 256 रन बनाए। यह टी20 विश्व कप में भारत का सर्वोच्च स्कोर है। भारतीय टीम इस लक्ष्य का बचाव करने में सफल रही और जिम्बाब्वे की टीम को 72 रनों से हराया। जिम्बाब्वे के लिए ब्रायन बेनेट ने शानदार पारी खेली, लेकिन टीम 20 ओवर में छह विकेट पर 184 रन ही बना सकी।

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली हार से भारत का नेट रन रेट माइनस में चला गया था। भारत ने जिम्बाब्वे के खिलाफ बड़ी जीत से नेट रन रेट में सुधार किया है, लेकिन वह अभी भी माइनस में ही है। भारतीय टीम सुपर आठ के ग्रुप-1 में तीसरे स्थान पर है और उसका नेट रन रेट -0.100 है। वेस्टइंडीज की टीम दूसरे स्थान पर है और उसका नेट रन रेट +1.791 का है। हालांकि, अब जो स्थिति है उसमें नेट रन रेट का महत्व नहीं है। यानी भारत और वेस्टइंडीज के बीच जो टीम एक मार्च को होना वाला जीतेगी, वो सेमीफाइनल में जगह बना लेगी।

जिम्बाब्वे की पारी की बात करें तो सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट ने दमदार बल्लेबाजी की। बेनेट ने 59 गेंदों पर आठ चौकों और छह छक्कों की मदद से नाबाद 97 रन बनाए। बेनेट ने कप्तान सिकंदर रजा के साथ तीसरे विकेट के लिए 72 रनों की साझेदारी की। जिम्बाब्वे की बल्लेबाजी अच्छी रही, लेकिन टीम किसी भी वक्त लक्ष्य हासिल करती हुई नजर नहीं आई। लक्ष्य का पीछा करने उतरे जिम्बाब्वे ने पावरप्ले में 44 रन बनाकर धीमी लेकिन अच्छी शुरुआत की। बेनेट ने बुमराह पर छक्के के साथ 34 गेंद में मौजूदा टूर्नामेंट का तीसरा अर्धशतक पूरा किया। रजा ने अक्षर पर चौके के साथ 14वें ओवर में टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया।

सिनेमा

## देवर आनंद देवरकोंडा ने भाभी रश्मिका मंदाना पर लुटाया जमकर प्यार, कहा- 'मुझे मेरी 'वदीना' मिल गई...'



साउथ की बेहद खूबसूरत एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना फाइनली एक्टर विजय देवरकोंडा संग शादी के बंधन में बंध गई हैं। दोनों की शादी को लेकर फैंस लंबे वक्त से काफी एक्साइटेड थे। ऐसे में ये खूबसूरत कपल कल यानी 26 फरवरी, 2026 को राजस्थान के उदयपुर में शादी के बंधन में बंध गया। इस शादी में परिवार और इंडस्ट्री के कई स्टार्स शामिल हुए हैं। शादी की तस्वीरें भी सामने आ चुकी हैं। स्टार्स से लेकर फैंस तक ने रश्मिका और विजय को ढेर सारी बधाई दी। शादी होते ही जहां विजय ने अपनी पत्नी रश्मिका के लिए खास नोट लिखा। वहीं, उनके भाई आनंद देवरकोंडा ने एक स्पेशल नोट के साथ भाभी का वेलकम किया, जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। भाई-भाभी के लिए आनंद देवरकोंडा ने लिखा ये स्पेशल पोस्ट

विजय देवरकोंडा के भाई और एक्टर आनंद देवरकोंडा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर विजय और रश्मिका की शादी की तस्वीरें शेयर कर एक खूबसूरत नोट लिख। इन तस्वीरों के साथ आनंद ने कैप्शन में लिखा, 'कई बार ऐसा हुआ जब फैंस चिल्लाते थे, 'वदीना, एला उनारू?' और मुझे कभी समझ नहीं आता था कि कैसे रिएक्ट करूं। '

## Highlights

1. **Chandrashekhar Azad sacrificed everything to free Mother India: PM**
2. **Licence may be suspended once driver gathers 12 points for traffic violations**
3. **US Commerce Secy to attend billionaire Nikesh Arora's daughter's wedding in Raj**
4. **Startup layoffs cross 4,500 amid AI reset in India**
5. **Shadowfax opens ₹50 cr automated facility in NCR**

# Apple Pay in India? iPhone maker in talks with banks to onboard UPI

**NEW DElHI, (Agency).** Apple Inc. is in discussions with key banks and card networks in preparation to start Apple Pay in India, that too on UPI.

The iPhone maker is in talks with ICICI Bank Ltd., HDFC Bank Ltd. and Axis Bank Ltd., as it aims to introduce its payment service in India around the middle of 2026, according to people with knowledge of the matter. The timeline remains fluid, but the talks indicate an approaching launch.

Apple Pay in India is expected to support India's state-backed Unified Payments Interface (UPI) alongside card-based payments. Discussions are on with Visa Inc. and Mastercard Inc., said the people on condition of anonymity.

Apple declined to comment. The National Payments Corporation of India, which operates and manages UPI, didn't respond to request for comment.




Banks, and Mastercard and Visa didn't immediately respond to requests for comment.

Apple Pay in India

The planned launch marks another step in Apple's push to expand in the country of 1.4 billion people with a rapidly expanding middle class. While iPhone's market share is still small in a region dominated by Android devices, Apple's increased manufacturing and retail presence in India has helped it make inroads.

Rival Alphabet Inc.'s Google Pay and Walmart Inc.'s PhonePe are among the global players already on UPI, alongside homegrown players like Paytm.

In late 2025, the Reserve Bank of India set new rules that allow biometric authentication, such as fingerprint or facial recognition, for digital payments. Indian authentication mechanisms have previously largely relied on one-time passwords sent via text message.

Apple Pay relies on Face ID or Touch ID to approve payments.

# World's top-gaining stock is a Korean broker riding SpaceX IPO hype

**NEW DElHI, (Agency).** Mirae Asset Securities Co. shares have more than tripled this year as a proxy bet on Elon Musk's SpaceX ahead of its potential blockbuster initial public offering.

That makes the Seoul-based brokerage the top performer on MSCI Inc.'s broadest index of global stocks so far in 2026. It's also risen the most among 2,245 stocks in Bloomberg's World Index. Mirae Asset has invested a total of over $400 million in



SpaceX and sister firm xAI, according to analyst reports.

The surge in Mirae Asset's stock shows how investors are scrambling to get exposure to the planned listing of the combined SpaceX and xAI, which is valued at $1.25 trillion. It also highlights continued gains in South Korean stocks on optimism over AI-driven chip demand and governance reforms under President Lee Jae Myung.

Mirae Asset's fundamentals are improving due to the strong Korean stock market, while its SpaceX stake provides an additional catalyst, "allowing investors to capture two sources of value simultaneously", said Ha SeokKeun, chief investment officer at Eugene Asset Management Co.

Brokers have been among the top performers this year on the Kospi, the world's best-performing stock index, amid government efforts to raise equity valuations and attract retail investors. SK Securities Co. has also gained around 190% this year, while Hanwha Investment & Securities Co. has advanced nearly 100%.

# बालिका गृह से भर्ती कराई गई किशोरी अस्पताल से भागी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। एक बालिका गृह में रह रही 15 वर्षीय किशोरी बुधवार सुबह 7 बजे एमटीएच अस्पताल से लापता हो गई। किशोरी को गर्भवती होने और पेट में संक्रमण की शिकायत के चलते 20 फरवरी को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उसकी देखरेख में महिला पुलिस बल भी तैनात था, इसके बावजूद वह बाथरूम जाने की बात कहकर निकली और वापस नहीं लौटी।**



जानकारी के अनुसार सुबह महिला पुलिसकर्मियों ने उसे बाथरूम की ओर जाते देखा था, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं आने पर तलाश शुरू की गई। अस्पताल परिसर में खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चल सका। मामले में सेंट्रल कोतवाली थाना पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली है। रेलवे पुलिस और बिहार पुलिस को भी सूचना दे दी गई है। बताया जा रहा है कि किशोरी करीब एक माह पहले जीआरपी को इंदौर रेलवे स्टेशन पर लावारिस हालत में मिली थी। काउंसलिंग के दौरान उसने बताया था कि उसके माता-पिता नहीं हैं और उसके चाचा-चाची ने उसे 5 लाख रुपए में राजस्थान के माधोपुर क्षेत्र के एक व्यक्ति को बेच दिया था। किशोरी ने बताया था कि उक्त व्यक्ति उससे घर का काम करवाता था और उसके साथ दुष्कर्म करता था। किशोरी ने पुलिस को बताया था कि वह 26 जनवरी 2026 की रात किसी तरह वहां से भागकर ट्रेन में बैठ गई और इंदौर पहुंच गई। जहां जीआरपी पुलिस को वह मिली थी। पुलिस ने शून्य पर कायमी कर प्रकरण मधुबनी बिहार भेज दिया था। किशोरी को इंदौर चाइल्ड लाइन ने शहर के एक बालिका ग्रह के सुपुर्द कर दिया था। तब से वह वहीं रह रही थी। पुलिस अब अस्पताल और आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। किशोरी की तलाश के लिए विशेष टीम गठित की गई है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को किशोरी के बारे में कोई जानकारी मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें।

## नकाबपोश ने महिला पर गले और हाथों पर चाकू से किया वार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** बाणगंगा क्षेत्र में बुधवार देर रात एक महिला पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि नकाबपोश बदमाश घर की पार्किंग (पोर्च) में छिपकर बैठा था और मौका मिलते ही महिला पर चाकू से हमला कर फरार हो गया। महिला को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि आरोपी की पहचान कर उसे जल्द गिरफ्तार किया जा सके। घटना के बाद से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस के मुताबिक भागीरथपुरा साईं मंदिर के सामने रहने वाली सारिका कश्यप ने शिकायत दर्ज कराई है। सारिका ने बताया कि वह रात करीब डेढ़ बजे घर का मेन गेट बंद कर ताला लगाने जा रही थीं। इसी दौरान पार्किंग में छिपे एक व्यक्ति ने पीछे से उनके गले पर चाकू से वार कर दिया। उन्होंने बचाव की कोशिश की तो आरोपी ने दोनों हाथों पर भी चाकू मार दिया, जिससे वे घायल होकर जमीन पर गिर गईं। घायल महिला ने हिम्मत दिखाते हुए हमलावर को ताला फेंककर मारने की कोशिश की। इसके बाद बदमाश लोहे का गेट कूदकर मौके से फरार हो गया। कुछ देर तक सारिका बेहोश पड़ी रहीं। उनका बेटा नीचे आया और परिवार के अन्य सदस्यों को जगाया, परिवार को तब जाकर घटना का पता चला। घटना की जानकारी देते हुए सारिका के देवर विश्वनाथ कश्यप ने बताया कि हमले में उनके गले और दोनों हाथों पर गंभीर चोटें आई हैं और फिलहाल वे बोलने की स्थिति में नहीं हैं। सारिका के परिवार में एक बेटा और एक बेटी हैं, जो पढ़ाई कर रहे हैं। उनके पति नगर निगम में ड्राइवर के पद पर कार्यरत हैं।

## डॉक्टर के घर से लाखों के आभूषण चोरी...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** तिलक नगर इलाके में रहने वाले एक डॉक्टर के यहां लाखों की चोरी की वारदात हो गई। तीन माह बाद जब अलमारी का लॉकर खोला तो उन्हें जानकारी लगी। इस मामले में पुलिस ने एफआईआर बुधवार को दर्ज की है। वही अब संदेह के आधार पर पुलिस उनके यहां काम करने वाले आधा दर्जन नौकरों से पूछताछ करेगी। तिलक नगर पुलिस ने बताया कि 70 साल के डॉक्टर राजकुमार मुंदडा निवासी साहिला एलाईट ग्रेटर ब्रजेश्वरी की शिकायत पर पुलिस ने चोरी के मामले में एफआईआर की है। डॉक्टर राजकुमार ने बताया कि उनके घर की अलमारी से बिना लॉक टूटे मोती वाला सोने का हार, झुमका सेट, सोने के कंगन, हीरे का ब्रेसलेट, सोने के झुमके, सोने की अंगूठी, चांदी के बर्तन ओर नकदी रुपए गायब हो गए। उन्होने बताया कि 12 फरवरी को जब उन्होने लॉक खोला तो अलमारी के अदंर कोई जेवर नही थे। जबकि अलमारी का लॉक भी नही टूटा था।

ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक
सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें
"एक सलाहकार और शुभचिंतक"
।। बाबापण्डित ।।
(अनुष्ठानिक कार्य एवं हरिकथा प्रेमी)
आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।
- कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -
*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*
*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*
*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*
इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।
कृपया अपनी जिज्ञासा/समाधान हेतु संपर्क करे।
Email - babapandit.in@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक